पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने बाढ़ राहत सामग्री को झण्डी दिखाकर रवाना किया</u>

लखनऊः 31 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज उम्मीद संस्था द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी जा रही राहत सामग्री के दो वाहनों को झण्डी दिखाकर राजभवन से रवाना किया। राहत सामग्री में पेयजल, कच्चा राशन, दवाएं, कपड़े व अन्य जरूरी सामान बहराइच के कैसरगंज क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजा गया हैं। इस अवसर पर उम्मीद संस्था के संस्थापक श्री बलवीर सिंह मान, संयोजक श्री उमेश पाटिल, मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि 'जब कोई कठिनाई में होता है तब दूसरे लोगों ने उनकी सहायता के लिए बिना मांगे स्वयं कुछ भेज दिया यह एक सुखद अनुभूति प्राप्त करने वालों के लिए भी होती है। वैसे देखा जाये तो प्राकृतिक रूप से बाढ़ आपदा उत्तर प्रदेश में है लेकिन प्रकृति कोई देश या स्थान नहीं देखती है। अमेरिका में 40 से अधिक लोगों का बाढ़ के कारण निधन हो गया है। प्राकृतिक आपदा जब आती है तो मन में दूसरों को मदद करने की भावना आती है। मैं इस अवसर पर सभी सहयोग करने वालों को धन्यवाद देता हूँ।'

श्री नाईक ने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद कर अपना कर्तव्य कर रही है, लेकिन यह बात महत्वपूर्ण है कि स्वयंसेवी संस्थायें ऐसे अवसर पर अपनी ओर से भी सहयोग प्रदान कर रही हैं। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री सीधे उन तक पहुंचेगी। बाढ़ के बाद अनेक प्रकार की बाढ़जनित बीमारियाँ बढ़ जाती है जिनके प्रति भी संवेदनशीलता से काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि उम्मीद संस्था ने पूर्व में नेपाल में भूकम्प पीड़ितों के लिए भी ऐसी ही सहायता भेजी थी।

बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजने में उत्तर प्रदेश मराठी समाज, भूतनाथ व्यापार मण्डल, गड़बड़झाला व्यापार मण्डल, ड्रीम्ज इंफ्रावेंचर्स, सेंट जोसफ इंटर कालेज, सेंट मीराज इंटर कालेज, यूनिवर्सल बुक्स सेलर्स, जे0जे0 बेकर्स, निर्मल मार्ट्स स्कूल ड्रेसेस, इन0एच0इस0 फाउण्डेशन, ब्राइनोब्रेन, गुरूद्वारा सिंह सभा आलमबाग, जय जगत एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी, शराब बंदी संघर्ष समिति, डाॅक्टर विशाल सक्सेना काॅमर्स क्लासेज, नमस्ते जिन्दगी, आदर्श व्यापार मण्डल, मोहन मार्किट व्यापार मण्डल, अमीनाबाद सर्राफा बाजार, अमीनाबाद संघर्ष समिति, हुमाना पीपुल टू पीपुल इण्डिया, सरनम संस्थान आदि लखनऊ की संस्थाओं ने सहयोग किया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (328/44)

बाढ़ राहत सामग्री :
Dreamz
UNIVERSAL
BOOKSELLERS
भूतनाथ व्यापार
मंडल लखनऊ
उम्मीद संस्था
सहयोग में जिन्होंने बढ़ाया हाथ
NHS
FOUNDATION
BRAINOBRAIN
JAI JAGAT
EDUCATIONAL
&
WELFARE SOCIETY
BAKERS
मोहन मार्केट
व्यापार मंडल
लखनऊ
अमीनाबाद
सराफा बाज़ार
लखनऊ
Sharanam
Foundation
नमस्ते ज़िंदगी
DR. VISHAL SAXENA'S
COMMERCE CLASSES